राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय कार्यशाला

हिंदू कन्या महाविद्यालय में प्राध्यापिकाओं तथा छात्राओं के लिए मंगलवार दिनांक 29 अगस्त, 2023 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: विभिन्न परिप्रेक्ष्य' रहा। यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति सेल द्वारा करवाई गई। कार्यशाला में इस सेल की संयोजिका डॉ० गीता गुप्ता ने प्राध्यापिकाओं तथा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम में क्रेडिट सिस्टम, मूल्यांकन तथा पाठ्यक्रम में बदलाव के बारे में बताया। गणित विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती अंजू व अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ प्रियंका साहनी ने विद्यार्थियों को समय सारणी में सभी आठ विषयों पर कैसे सामंजस्य बिठाए उस पर वक्तव्य दिया तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। महाविद्यालय के प्रथम वर्ष की लगभग 200 छात्राओं तथा प्राध्यापिकाओं ने इस कार्यशाला में बढ़ चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांतों पर चर्चा की तथा उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने प्राध्यापिकाओं को पाठ्यक्रम को रोचक बनाकर पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर श्रीमती नीलम, श्रीमती सुशीला, श्रीमती सुमन, कुमारी निधि आदि उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर जींद भास्कर 31-08-2023

हिंदू कन्या कॉलेज में छात्राओं को नई शिक्षा नीति के प्रति किया जागरूक

जींद. हिंदू कन्या कालेज में हुई कार्यशाला के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य।

जींद| हिंदू कन्या महाविद्यालय में प्राध्यापिकाओं तथा छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. गीता गुप्ता ने प्राध्यापिकाओं और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम में क्रेडिट सिस्टम, मूल्यांकन तथा पाठ्यक्रम में बदलाव के बारे में बताया। गणित विभाग की प्राध्यापिका अंजू व अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. प्रियंका साहनी ने विद्यार्थियों को समय सारिणी में सभी आठ विषयों पर कैसे सामंजस्य बैठाएं उस पर वक्तव्य दिया तथा उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। प्रिंसिपल डॉ. पूनम मोर ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने प्राध्यापिकाओं को पाठ्यक्रम को रोचक बनाकर पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

भाषाओं की जननी है संस्कृत : हिंदू कन्या कॉलेज के संस्कृत विभाग द्वारा विश्व संस्कृत दिवस पर दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता संस्कृत प्राध्यापिका डॉ. नीलम रानी के निर्देशन में हुई। प्राचार्य डॉ. पूनम मोर ने कहा कि संस्कृत भाषाओं की जननी है।